लोकसभा अध्यक्ष ने कोविड पीड़ितों के परिवारों के साथ रक्षा बंधन मनाया/LOK SABHA SPEAKER CELEBRATES RAKSHA BANDHAN WITH FAMILIES OF COVID VICTIMS

12 अगस्त, 2022: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कोटा-बूंदी में कोविड पीड़ितों के परिवारों के साथ रक्षा बंधन मनाया।

कोविड पीड़ितों के परिवारों की महिलाओं और बच्चों ने लोकसभा अध्यक्ष के हाथों में राखी बांधी। उन्हें यह भी याद था कि पिछले साल श्री बिरला ने उनके साथ रक्षा बंधन मनाया था। इस अवसर पर श्री बिरला ने इन महिलाओं और बच्चों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया। यह लगातार दूसरा वर्ष था जब लोकसभा अध्यक्ष ने कोविड पीड़ितों के परिवारों के साथ रक्षा बंधन मनाया।

इससे पूर्व श्री बिरला ने एक ट्वीट सन्देश के द्वारा रक्षा बंधन के अवसर पर लोगों को बधाई दी। अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा :

"भाई-बहन के अटूट स्नेह के प्रतीक पर्व रक्षाबंधन की देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह त्यौहार सभी के जीवन में खुशियां लाए तथा समाज के सभी वर्गों में विश्वास और भरोसे को मजबूत बना सामूहिकता के साथ देश की उन्नति में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने को प्रेरित करें, यही कामना है।"

12 August, 2022: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla celebrated Raksha Bandhan with the families of COVID victims in Kota-Bundi.

Women and children of families of COVID victims tied Rakhi on the hand of Lok Sabha Speaker. They also fondly remembered that last year also Shri Birla had celebrated Raksha Bandhan with them. On this occasion, Shri Birla interacted with these women and children and inquired about their problems and also assured them of all sorts of assistance. This was the second consecutive year that Lok Sabha Speaker celebrated Raksha Bandhan with families of COVID victims.

Earlier, Shri Birla greeted the people on the occasion of Raksha Bandhan. In his message on Twitter, Shri Birla said:

“Hearty greetings to all on the occasion of Raksha Bandhan, a festival of unwavering love between brothers and sisters. May this festival bring happiness in everyone's life and strengthen the faith and trust in all sections of the society and inspire them to contribute collectively their best in the progress of the country”.